भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1075
बुधवार, 27 नवम्बर, 2019/6 अग्रहायण, 1941 (शक)

महिला बेरोजगारी दर

1075. चौधरी सुखराम सिंह यादवः
श्री विशम्भर प्रसाद निषादः
श्रीमती छाया वर्माः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में वर्तमान बेरोजगारी दर कितनी है;
(ख) क्या यह सच है कि देश में बेरोजगारी निरंतर बढ़ रही है जिसमें महिलाओं की बेरोजगारी तुलनात्मक रूप से तेजी से बढ़ रही है;
(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान क्रमशः महिला और पुरुष की बेरोजगारी दर में कितनी वृद्धि हुई है और उक्त अवधि के दौरान कितने रोजगार के अवसर उपलब्ध किए गए;
(घ) क्या यह सच है कि ग्रामीण महिलाओं की तुलना में शहरी महिलाओं की बेरोजगारी दर अधिक रही; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क से ङ): राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा 2017-18 के दौरान आयोजित किए गए वार्षिक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) तथा श्रम ब्यूरो, श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा आयोजित किए गए रोजगार-बेरोजगारी संबंधी वार्षिक सर्वेक्षण के परिणामों के अनुसार, 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की सामान्य स्थिति (प्रमुख स्थिति+सहायक स्थिति) आधार पर उपलब्ध सीमा तक अनुमानित बेरोजगारी दर नीचे दी गई हैः

बेरोजगारी दर (% में)				
क्षेत्र	लिंग	श्रम ब्यूरो द्वारा सर्वेक्षण		एनएसएस (पीएलएफएस) द्वारा सर्वेक्षण
		2013-14	**2015-16**	**2017-18**
ग्रामीण	*पुरूष*	2.7	2.9	5.7
	महिला	3.4	4.7	3.8
	व्यक्ति	2.9	3.4	5.3
शहरी	*पुरूष*	3.5	3.0	6.9
	महिला	10.8	10.9	10.8
	व्यक्ति	4.9	4.4	7.7
ग्रामीण + शहरी	*पुरूष*	2.9	3.0	6.1
	महिला	4.9	5.8	5.6
	व्यक्ति	3.4	3.7	6.0

(टिप्पणीः पीएलएफएस एवं श्रम ब्यूरो सर्वेक्षण में सर्वेक्षण की कार्य-पद्धति तथा प्रतिदर्श का चयन अलग-अलग है।)

*****